दिनांकः 04.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन–कल होगी नामांकन पत्रों की जांच।
- निर्वाचन आयोग ने चुनाव के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए राज्यों को सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने के दिये निर्देश।
- प्रदेश में मतदाता जागरुकता के लिए हो रहे हैं कई नवाचार–कार्यक्रमों में लोगों को दिलाई जा रही है अवश्य मतदान की शपथ।
- स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने गर्मी से जुड़ी बीमारियों के प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा बैठक में राज्यों से केन्द्रीय डेटाबेस बनाने पर दिया जोर।

000

देश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। दूसरे चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर चुनाव होना है। कल नामांकन पत्रों की जांच होगी और 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 26 अप्रैल को मतदान होगा और मतगणना 4 जून को होगी। इस चरण के लिए अब तक 91 प्रत्याशियों ने 143 नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। कल 37 प्रत्याशियों ने 54 नाम निर्देशन पत्र भरे थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि कल बाड़मेर, जालौर और कोटा लोकसभा क्षेत्र से पांच–पांच, अजमेर, पाली, जोधपुर, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद से तीन–तीन, टोंक–सवाईमाधोपुर, उदयपुर और झालावाड़–बारां से दो–दो तथा भीलवाड़ा लोकसभा सीट से एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत आज भाजपा नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भीलवाड़ा, बांसवाड़ा और उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री शर्मा भीलवाड़ा के आज़ाद चौक में पार्टी प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में आम सभा करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री बांसवाड़ा के लिए रवाना होंगे, जहां वे पार्टी उम्मीदवार महेंद्रजीत मालवीय के समर्थन में कुशलबाग मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद उदयपुर जाएंगे।
इधर, पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत आज जालौर से पार्टी प्रत्याशी वैभव गहलोत की नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली भी उपस्थित रहेंगे और अपना संबोधन देंगे। वैभव गहलोत आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

वहीं, भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कल चूरू में जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि प्रधानमंत्री कल सुबह जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वे चूरू के लिए रवाना होंगे। श्री मोदी चूरू के पुलिस लाईन मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

000

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को अवैध शराब, नकदी, मादक पदार्थ और हथियारों की आवाजाही रोकने के लिए अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये हैं। आयोग ने शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त आम चुनाव सुनिश्चित करने को भी कहा है। कानून–व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए कल आयोग ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का उद्देश्य सीमाओं की रक्षा करने वाली केंद्रीय एजेंसियों के साथ–साथ अधिकारियों के बीच समन्वय और सहयोग के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाना था।

000

आम चुनाव के पहले चरण में प्रदेश के 12 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 1 लाख 14 हजार 70 सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट जारी किए गए हैं। ये पोस्टल बैलेट निर्वाचन आयोग के सिस्टम–इटीपीबीएमएस द्वारा भेजे गए हैं।

सेवा मतदाता अपना मत अंकित कर यह डाक मतपत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से रिटर्निंग अधिकारी को भेजेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 29 हजार 192 और जयपुर लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम 1 हजार 443 इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट जारी किए गए हैं।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये भरतपुर से

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग और अन्य सामाजिक संगठनों की ओर से मतदाता जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत फलौदी के परमवीर मैजर शैतान सिंह स्टेडियम में कल आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मतदान की शपथ दिलाई गई। पाली में होली के बाद होने वाले पारम्परिक उत्सव में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

सवाईमाधोपुर के शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कल शिक्षकों और विद्यार्थियों को आवश्यक रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सी–विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन, केवाईसी और सक्षम एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया।

सीकर जिले के धोद और पिपराली में घर–घर जाकर मतदताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया है। आंगनबाड़ी की महिला कार्यकर्ताओं ने लघु नाटिका के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया।

हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि शहर में "पहले मतदान, फिर कोई काम" थीम पर रैली निकाली गई और लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

..............

जैसलमेर में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल ने कल जिले के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। सवाईमाधोपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव और पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने कल खंडार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

000

स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। डॉक्टर मांडविया ने जमीनी स्तर पर सटीक आंकडों का उल्लेख करते हुए राज्यों से एक केंद्रीय डेटाबेस बनाने पर जोर दिया। डॉक्टर मांडाविया ने लोगों को लू से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करने की सलाह दी।

000

आज अंतरराष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस है। खदान, लैंड माइंस संबंधी गतिविधियों, मानवता के लिए इनके खतरों और उनसे बचने के उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल चार अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय खदान जगरूकता दिवस का विषय है–जीवन संरक्षण, शांति निर्माण। इस संबंध में बारूदी विस्फोटों से पीड़ित लोगों और दिव्यांगजन पर विशेष ध्यान देना है। संयुक्त राष्ट्र के समर्थन से विभिन्न संगठन हर साल इस दिन खदानों और विस्फोटकों के कारण उत्पन्न खतरों को कम करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

000